दिन– मंगलवार                                                        दिनांक– 24 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                        अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दूसरे दिन आज पूर्वी चंपारण जिले को तीन सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी। श्री कुमार ने केसरिया और सुगौली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्कूल भवन, खेल मैदान, मनरेगा पार्क, पंचायत भवन, जीविका भवन, तालाब और आहर निर्माण से जुड़ी कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने केसरिया में जीविका दीदिओं के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से समाज का सशक्तिकरण हो रहा है। श्री कुमार ने केसरिया में सुंदरापुर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्‌घाटन भी किया।

————————————————————————

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने वर्चुअल माध्यम से कई पहलों की शुरुआत की है। श्री जोशी ने उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड शुरू किया। इनका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना है। श्री जोशी ने कहा कि उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

————————————————————————

उपभोक्ता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने उपभोक्ताओं के अधिकारों और उनके संरक्षण पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण आवश्यक है। वहीं, राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पटना जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रंजन मिश्रा ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण कानून उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए सक्षम है। इधर, शिवहर, समस्तीपुर,

बेगूसराय समेत विभिन्न जिलों में भी उपभोक्ता आयोग कार्यालय में समारोह का आयोजन कर लोगों को उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी जा रही है।

————————————————————

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पदस्थापन की नई नीति लागू कर दी गयी है। बल के आईजी के.सी. सामांतारे ने कहा है कि सीआईएसएफ में पहली बार पसंद आधारित पदस्थापन नीति की शुरूआत की गयी है। उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रत्येक कर्मी को दस पसंदीदा स्थानों की सूची देने का अवसर दिया जाएगा।

————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से ज्यादतर स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान हवा का रूख बदलने के कारण राज्य के अधिकतर स्थानों पर तापमान में आंशिक कमी दर्ज की गयी है। समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में थोड़ी और कमी हो सकती है। इस दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों में अधिकतर स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

————————————————————

ओडिशा के कटक में खेले गए विजय मर्चेंट क्रिकेट प्रतियोगिता के एक मुकाबले में बिहार की टीम ने नागालैंड को एक पारी और एक सौ सत्तावन रनों से हरा दिया। फॉलो ऑन खेलते हुए नागलैंड की टीम दूसरी पारी एक सौ आठ रन पर ही सिमट गयी। इससे पहले बिहार ने पहली पारी में सार्थक झा के एक सौ इक्यानवे और अनमोल कुमार के छियानवे रनों की शानदार पारी की बदौलत आठ विकेट के नुकसान पर तीन सौ छियासी रन बनाए थे। बिहार क्रिकेट संघ ने विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।

————————————————————

औरंगाबाद जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक सौ सात लोगों को उनका चोरी हुआ मोबाईल फोन बरामद कर पुलिस ने वापस लौटाया। पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने लोगों को उनके मोबाईल फोन लौटाए।

————————————————————

अररिया के जिला समाहरणालय में सुशासन सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी अनिल कुमार ने किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।